समाचार

# आमनागरिकों के निगम से जुड़े उनके कार्य सुगमतापूर्वक हों, अनावश्यक अवरोध पैदा न हो, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं – महापौर

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने भवन अनुज्ञा, राजस्व, संपदा, अतिक्रमण सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यो से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर की कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा )




कोरबा 06 नवम्बर 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमनागरिकों के निगम से जुड़े विविध कार्य सुगमतापूर्वक किए जाएं, कार्यो में अनावश्यक अवरोध उत्पन्न न हो, कार्यो में देरी न की जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं। महापौर श्रीमती राजपूत ने विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि जो कार्य नियमानुसार हैं तथा किए जाने योग्य है, वह सभी कार्य त्वरित रूप से समयसीमा के अंदर पूरे किए जाएं ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने कहा कि हम सबका प्रथम दायित्व है कि हम आमजन की समस्याओं के प्रति सजग रहें, उनकी समस्याओं व परेशानियों को समझे, उन्हें गंभीरता से लें तथा त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएं।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित एम.आई.सी. सभाकक्ष में निगम के भवन अनुज्ञा विभाग, राजस्व विभाग, संपदा विभाग, अतिक्रमण सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों से जुड़े अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली

तथा इन विभागों से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। महापौर श्रीमती राजपूत ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि भवन निर्माण अनुमति से जुड़े कार्यो में अपेक्षित तेजी लाएं तथा निर्धारित समयसीमा में भवन निर्माण की नियमानुसार अनुज्ञा दिया जाना सुनिश्चित करें, उन्होने कहा कि आमनागरिक अपनी सम्पत्तियों के नामांतरण, हस्तातरण आदि के लिए निगम में अपने आवेदन प्रस्तुत करते हैं, यदि नामांतरण, हस्तांतरण में अनावश्यक देरी होती है तो इससे लोगों को परेशानियॉ उत्पन्न होती हैं, अतः इनसे जुड़े कार्यो व प्रकरणों का निराकरण एक निश्चित समयसीमा के अंदर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराएं ताकि नागरिकों को बेवजह परेशानी न हों। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत ने निगम के राजस्व वसूली कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व वसूली कार्य को सुगम, सहज व पारदर्शी बनाएं ताकि एक ओर जहॉ निगम के राजस्व वसूली के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके, तो वहीं दूसरी ओर करदाताओं को भी किसी प्रकार की अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक के दौरान उपायुक्त नीरज कौशिक, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, निज सहायक सचिन तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, सहायक अभियंता आकाश अग्रवाल, उप जोन प्रभारी अजय अग्रवाल, अविनाश जायसवाल, संजय ठाकुर, दिलेश्वर सिंह, महेश्वर सिंह, पुखराज यादव, भावेश यादव, पी.जी.गोस्वामी, अजय शुक्ला, प्रिंस कुमार सिंह, देवव्रत आदित्य, मनहरणलाल नेताम, उत्तम राठौर, करन पाण्डेय आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।